एक नजर

पीरो में इंटरमीडिएट परीक्षा से वंचित छात्रों का फूटा गुस्सा

पीरो (भोजपुर) : महात्मा गांधी कॉलेज लहराबाद में दो गुटों के आपसी खींचतान के कारण इंटरमीडिएट परीक्षा से वंचित छात्रों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। गुस्साए छात्रों ने मंगलवार को पहले महात्मा गांधी कालेज में ताला जड़ दिया। इतने से भी जब आक्रोश कम नहीं हुआ तो सैकड़ों की संख्या में जुटे छात्रों ने ओझवलिया मोड़, लोहिया चौक व गांधी चौक के पास सडक जामकर आरा-सासाराम व पीरो जगदीशपुर स्टेट हाईवे पर आवागमन पूरी तरह ठप कर दिया। छात्रों की मानें तो महात्मा गांधी कॉलेज में इंटरमीडिएट व डिग्री इकाई के प्रबंधन के बीच पिछले लंबे समय से खींचतान चल रही है। (संस)

सोनपुर में ट्रेन से कटकर रेलकर्मी की मौत

सोनपुर : विभागीय काम को लेकर सोनपुर के नया गांव आए एक रेलकर्मी की स्टेशन के समीप ट्रेन से कटकर मौत हो गई। यह घटना मंगलवार को डाउन वैशाली एक्सप्रेस के चपेट में आने से घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त रेल कर्मी नीतीश कुमार विश्वकर्मा रेलवे में हाजीपुर आईओडब्ल्यू के अधीन कार्यरत थे। विभाग के काम को लेकर वह नया गांव आए थे। वह अपने विभागीय कार्य को कर ही रहे था कि इसी बीच उधर से आ रही डाउन वैशाली सुपर फास्ट की चपेट में आने से उसका पैर कट गया। थोड़ी देर बाद घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। (संस)

फिर बनेगी एनडीए सरकार कहीं कोई लड़ाई ही नहीं

सवर्ण आरक्षण लागू होने से मन का बोझ खत्म हो गया : रामविलास

राज्य ब्यूरो, पटना : केंद्रीय मंत्री व लोजपा सुप्रीमो रामविलास पासवान ने मंगलवार को कहा कि केंद्र में फिर बनेगी एनडीए की सरकार। कहीं से कोई लड़ाई नहीं है। संवाददाताओं से बातचीत के क्रम में रामविलास ने यह बात कही।

लोजपा सुप्रीमो ने कहा कि सवर्णों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था से उनके मन पर जो बोझ था वह खत्म हो गया है। लगा रहता था कि अगड़ी जाति के लोग नाराज रहते हैं। सवर्णों के लिए जो आरक्षण की व्यवस्था हुई है उसमें मुस्लिम समाज के गरीब लोग भी शामिल हैं। मंडल कमीशन जिस वक्त लागू हो रहा था उस समय मैंने दलित ईसाइयों को भी आरक्षण दिए जाने की बात कही थी।

यूपी में मायावती-अखिलेश के गठबंधन के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि गठबंधन में जिस तरह से सीटों का बंटवारा हुआ है उसके बाद बड़ी संख्या में वैसे लोग दूसरी जगह जाएंगे जो पिछली बार इन दलों के अधिकृत प्रत्याशी थे। ऐसे में नुकसान किसका होगा यह समझा जा सकता है। कांग्रेस को तो उसका वोट मिलेगा ही।

बिहार में लोजपा के लिए संसदीय क्षेत्र के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जल्द ही यह तय कर लिया जाएगा। चिराग जमुई से ही लड़ना चाहते हैं। रामचंद्र भी अपनी पुरानी सीट से ही लड़ेंगे।

मम्मी नहीं आना चाहतीं सक्रिय राजनीति में : चिराग पासवान

राज्य ब्यूरो, पटना : लोजपा संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष व सांसद चिराग पासवान ने मंगलवार को कहा कि उनकी मम्मी सक्रिय राजनीति में नहीं आना चाहतीं। एक निजी चैनल के कार्यक्रम में हाजीपुर सीट से अपनी मां रीना पासवान के चुनाव लड़ने के कयास से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में चिराग ने यह बात कही।

क्षेत्रीय दलों को बढ़ने देना चाहिए कांग्रेस तो पैन इंडिया पार्टी

राज्य ब्यूरो, पटना : नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने मंगलवार को कहा कि जो क्षेत्रीय दल मजबूत हैं उन्हें बढ़ने देना चाहिए। कांग्रेस तो पैन इंडिया पार्टी है। बिहार में भाजपा को हराने में कौन सी पार्टी सक्षम है और किसके वोट का प्रतिशत कितना है यह सभी को पता है। राजद तो केवल बिहार और झारखंड में लड़ती है। एक समाचार चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में तेजस्वी ने यह बात कही। तेजस्वी के इस वक्तव्य से महागठबंधन में होने वाले सीटों के विभाजन से जुड़े मामले के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ऐसा नहीं है कि वे लोग किसी चेहरे का विरोध कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी से पहले लालकृष्ण आडवाणी का विरोध करते रहे हैं।

तेजप्रताप ने रामविलास को मौकापरस्त कहा

राब्यू, पटना : कृष्ण का रूप धारण कर कभी बांसुरी बजाने तो कभी शंखनाद करने वाले लालू प्रसाद के बड़े पुत्र और पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव ने मंगलवार को शेर का रूप धारण कर लिया। अपनी मां राबड़ी देवी को दुर्गा का अवतार बनाकर शेर की सवारी करा दी। उनके हाथ में त्रिशूल दे दिया और सामने रामविलास पासवान को लाकर उनका संहार करा दिया। तेजप्रताप ने अपने ट्वीट में इस तरह की पेंटिंग शेयर की। दरअसल वह रामविलास पासवान से इस बात को लेकर नाराज हैं कि रामविलास ने तीन दिन पहले एक प्रेस कांफ्रेंस में यह कहा था कि यहां तो लोग अंगूठा छाप को मुख्यमंत्री बना देते हैं।

पेशी को न्यायालय में आया कैदी भागा पुलिस ने दबोचा

जागरण संवाददाता, बक्सर : व्यवहार न्यायालय में मंगलवार को पेशी के लिए लाया गया हाजती कैदी फिरोज खान पेशी के बाद पुलिस को चमका देकर भागने लगा। हालांकि, पुलिस ने खदेड़ कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे राजपुर थाना पुलिस खाद की कालाबाजारी मामले में गिरफ्तार कर एसडीजेएम कोर्ट में पेशी के लिए लाई थी। इसी दौरान कैदी ने कोर्ट में पेशी के समय ही हाथ की हथकड़ी को खिसका लिया था। जैसे वह कोर्ट से बाहर निकला हथकड़ी के साथ लगा रस्सा निकाल फेंका और भागने लगा। लेकिन, पुलिस काफी सतर्क थी। उसने कैदी को खदेड़ कर पकड़ लिया। इस क्रम में न्यायालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

पूरे न्यायालय कैंपस की पुलिस कैदी को चारो तरफ से घेराबंदी कर उसे पकड़ने के फिराक में लग गई। इस संबंध में राजपुर थाने के दरोगा रघुवीर सिंह ने बताया कि थाने के तीन कैदियों के साथ फिरोज को भी कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। पेशी के बीच उस पर किसी की नजर नहीं थी। इसका लाभ उठाते हुए उसने हथकड़ी को किसी तरह खिसका लिया होगा। उसके विरुद्ध खाद की कालाबाजारी मामले में राजपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज थी। वह आरा के बीवीगंज का रहने वाला है। उसे गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के अकबरपुर से गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में उसे कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था।

लोस की सभी सीटों पर जीत के लक्ष्य के साथ जदयू का अभियान शुरू

पंचायत एवं वार्ड स्तर की बैठक में विधायक भी शामिल होंगे वशिष्ठ नारायण सिंह ने भेजी पंचायत तिजोरी

राज्य ब्यूरो, पटना: जदयू का सबल पंचायत, सक्रिय बूथ अभियान मंगलवार से शुरू हो गया। यह 30 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान राज्य की सभी प्राथमिक इकाई-पंचायत व वार्ड की बैठक होगी। विधायकों एवं विधान पार्षदों को कहा गया है कि अपने क्षेत्र की पंचायतों एवं वार्डों की बैठक में उपस्थित रहें। इन बैठकों में दल के प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति को भी अनिवार्य बताया गया है। पार्टी के महासचिव परमहंस कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी अध्यक्ष श्री बशिष्ठ नारायण सिंह के निर्देश पर यह अभियान चल रहा है। राज्य पार्टी की ओर से पंचायत एवं वार्ड अध्यक्षों को नेम प्लेट, पार्टी का झंडा, सरकार की योजनाओं के फोल्डर एवं जिला पार्टी द्वारा पंचायत-वार्ड में बैठक करने हेतु पंचायत संगठन तिजोरी और कार्यवाही पुस्तिका उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने बताया कि पार्टी की प्राथमिक इकाई की विस्तारित बैठक पंचायत-वार्ड के अध्यक्षों की अध्यक्षता में होगी। इसमें बीएलए के साथ बूथ कमिटी के सदस्य भी रहेंगे। प्राथमिक इकाई के अधीनस्थ कमिटियों की समीक्षा के साथ-साथ लोकसभा चुनाव में हरेक बूथ पर जीत की योजना पर विचार किया जाएगा। सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सरोकार की योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने की रणनीति पर भी विचार होगा। बैठक में शराबबन्दी, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के कुप्रभाव एवं इसके उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर विचार किया जाएगा।

मां के साथ ननिहाल जा रही बच्ची की सड़क दुर्घटना में मौत

संवाद सूत्र, गढ़हरा (बेगूसराय) : तेघड़ा थाना क्षेत्र के नया नगर बैंक ढ़ाला के पास मंगलवार को अज्ञात बाइक की ठोकर से सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान रातगांव पंचायत के वार्ड नंबर 10 निवासी फूलचंद पासवान की सात वर्षीय पुत्री सुमन कुमारी के रूप में की गई। घटना के संबंध में पिता फूलचंद पासवान ने बताया कि सुमन कुमारी अपनी मां के साथ ननिहाल जाने के क्रम में नयानगर बैंक ढाला पार कर रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात बाइक सवार बच्ची को धक्का मारते हुए फरार हो गया। बच्ची को इलाज के लिए तेघड़ा पीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने शव को एनएच 28 पर घटनास्थल के पास रखकर लगभग डेढ़ घंटे तक जाम कर मुआवजे की मांग की।

सवर्णों को आरक्षण से मिला है न्याय : नित्यानंद

जासं, बेगूसराय : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद नित्यानंद राय ने कहा कि सवर्णों को आरक्षण दिए जाने से उन्हें न्याय मिला है। इससे सामाजिक समरसता बढ़ेगी। वे मंगलवार को गांधी स्टेडियम में आयोजित कानू कंसार महासभा को संबोधित कर रहे थे। सवर्णों के लिए आरक्षण जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा कि सर्वे बताता है कि आज 92 प्रतिशत सवर्ण परिवार गरीब हैं। जिन्हें सबका साथ, सबका विकास के नारा के साथ चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने न्याय देने का काम किया है।

आर ब्लॉक ओवर ब्रिज का काम बंद, कोर्ट ने मांगा जवाब

राज्य ब्यूरो,पटना : आर ब्लॉक में बन रहे पुल के निर्माण में देरी पर पटना हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने बिहार पुल निर्माण निगम एवं राज्य सरकार को 22 जनवरी तक बताने को कहा कि किस कारण ओवर ब्रिज का निर्माण बंद कर दिया गया है। हालांकि रविन्द्र कुमार कर्ण की लोकहित याचिका की सुनवाई में कहा गया था कि पटना में जहां कहीं भी ओवर ब्रिज का काम चल रहा है, वहां लोग परेशान हैं। जबकि आर ब्लॉक के करीब पुल का काम 6 महीने से बंद है। मुख्य न्यायाधीश एपी शाही एवं न्यायाधीश अंजना मिश्रा की खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पुल निर्माण के कार्य में हो रही देरी के बारे में पूछा तो सरकारी वकील कुछ भी नहीं बता पाए। इस पर खंडपीठ ने पुल निर्माण निगम के एमडी को निर्देश जारी कर कहा कि 22 जनवरी तक स्थिति स्पष्ट करें नहीं तो वे कोर्ट में बताएं कि कौन जिम्मेदार है।

अनुसूचित जाति के परिवारों के बीच 8718 एकड़ जमीन वितरित

राज्य ब्यूरो, पटना : राज्य सरकार अनुसूचित जाति के भूमिहीन परिवारों को वास के लिए अबतक 8718 एकड़ जमीन बांट चुकी है। इनका वितरण तीन लाख 20 हजार से अधिक परिवारों को किया गया है। इन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए करीब 10 हजार विकास मित्रों की तैनाती की गई है। उन्हें मानदेय के तौर पर 10 हजार रुपया प्रतिमाह दिया जाता है। अप्राकृतिक मौत की हालत में परिवार को चार लाख रुपये का एकमुश्त भुगतान और तीन साल का वेतन दिया जाता है। इस समुदाय से जुड़ी एक-एक योजना की निगरानी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्तर पर होती है।

बिहार विकास मिशन में विशेष विद्यालय, सामुदायिक भवन सह वर्कशेड, कौशल विकास एवं रेडियो वितरण जैसी योजनाएं शामिल हैं। महादलित टोलों में अब तक 3270 सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का निर्माण किया जा चुका है। 882 सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का निर्माण कराया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि दशरथ मांझी कौशल विकास योजना के तहत महादलित परिवार के 2,19,971 युवक एवं युवतियों को रोजगार का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज शिकायतों के लिए स्थापित कॉल सेंटर के जरिए अबतक 1,06,991 सहायता उपलब्ध करायी गई है।

विकास मिशन

- सभी जिलों में विशेष थाने का निर्माण
- 882 सामुदायिक भवन सह वर्कशेड बनाए गए
- शौचालय के लिए साढ़े तीन लाख परिवारों को अनुदान

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम-1989 में संशोधन कर अधिनियम 2016 लागू किया गया। इसके तहत 2017-18 में कुल 34.40 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। जिससे अब तक 2976 पीड़ित व्यक्ति को लाभ मिला है। 392 लोगों को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए भी 34.40 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत है। राज्य के सभी 40 पुलिस जिलों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए विशेष थानों की स्थापना की गई है। अधिनियम के तहत सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक नियमित रूप से हो रही है।

हर घर शौचालय निश्चय योजना में अनुसूचित जाति के सभी परिवार शामिल हैं। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति उद्यमी योजना योजना के तहत 10 लाख रुपए तक की राशि दी जा रही है। कुल परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अर्थात 5 लाख रुपए ब्याज मुक्त ऋण के रुप में तथा शेष 50 प्रतिशत अधिकतम 5 लाख रुपए विशेष प्रोत्साहन योजना के तहत सब्सिडी के रुप में उपलब्ध कराया जा रहा है। कर्ज की वसूली बिहार स्टार्ट अप फंड ट्रस्ट द्वारा 84 समान किस्तों में की जा सकेगी। युवाओं को राज्य के इन्क्यूवेशन सेंटर से जोड़ा जाएगा।

पुल के नीचे दुकान खुलने पर पटना हाईकोर्ट को हैरत

राज्य ब्यूरो,पटना : राजेन्द्र नगर पुल के नीचे वेंडर जोन के प्रस्ताव पर पटना हाईकोर्ट ने हैरानी जाहिर की। अदालत ने बिहार पुल निर्माण निगम एवं संबंधित अधिकारियों से पूछा कि किस प्रोविजन ऑफ लॉ के तहत सब्जी विक्रेताओं को ब्रिज के नीचे दुकानें दी जा रही हैं? मुख्य न्यायाधीश एपी शाही एवं न्यायाधीश अंजना मिश्रा की खंडपीठ ने एक लोकहित की सुनवाई के दौरान सवाल किया-क्या पुल के नीचे बाजार लगाने की इजाजत दी सकती है?

दिल्ली जल बोर्ड
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
कार्यालय अधिशासी अभियंता (C) DR-II
दिल्ली गेट एसटीपी फेज-II, दिल्ली सचिवालय के सामने आईपी एस्टेट, नई दिल्ली-110002
E-mail:- eecdr2@gmail.com
निआसू सं. : 08/DR.II/(2018-2019)(पुन: आमंत्रण)
(टेंडर आईडी : 2019_DJB_165522_1)

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा में अंकित राशि (रु. में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा शुल्क (रु. में)	ई-प्रोक्योरमेंट सोलुशन में निविदा निर्गमन की तिथि	ई-प्रोक्योरमेंट सोलूशन द्वारा निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय
1	5 वर्ष परिचालन एवं अनुरक्षण सहित संबंद्ध सिविल वर्क्स का निर्माण एवं नाला नं. 14 एवं सिविल मिलिट्रि ड्रेन की ट्रैपिंग का अनुरक्षण।	43,30,582/-	86,612/-	500/-	09.01.2019	23.01.2019 अप. 3.00 बजे तक

पी.आर.ओ. (जल) द्वारा जारी
वि.सं.ज.सं.वि. 675/2018-19
(आर.जी. सारस्वत)
अधिशासी अभियंता (C) DR-II

तीन तलाक का विरोध करने पर ससुराल में आठ लोगों पर फेंका तेजाब

बेगूसराय की घटना

- युवक ने अपनी पत्नी, सास व छह साले-सालियों को तेजाब से जलाया
- दहेज को एक सप्ताह पहले पत्नी को तीन तलाक देकर घर से भगाया था

जागरण संवाददाता, बेगूसराय : पत्नी को तीन तलाक देकर अपने घर से भगाने के एक सप्ताह बाद युवक ने ससुराल पहुंचकर पत्नी, सास, साले-साली समेत आठ लोगों को तेजाब से जला दिया। बेगूसराय जिले के छौड़ाही प्रखंड के अमारी गांव निवासी परिवार के आठ लोगों पर मंगलवार मोहम्मद शमशाद ने तेजाब फेंका। सास आइसीयू में भर्ती हैं, जबकि उसकी पत्नी और छह साला-साली का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा।

शमशाद के ससुर अलीम अंसारी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने डेढ़ साल पहले अपनी दूसरी बेटी नाजिया परवीन की शादी समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव निवासी मोहम्मद जसीम के पुत्र मोहम्मद शमशाद के साथ की थी। ससुराल वाले और रुपये की मांग कर उसे प्रताड़ित करते थे। एक सप्ताह पहले दामाद शमशाद ने तीन तलाक देकर बेटी नाजिया को घर से भगा दिया। इसके बाद से नाजिया उनके साथ रह रही थी। मंगलवार को अजान से पहले पत्नी और बच्चों की चीत्कार सुनकर जब वह उठे तो दामाद को एक बोतल फेंक कर भागते देखा। उनकी नुसरत खातून, बेटी 21 वर्षीया रजिया परवीन, 19 वर्षीय नाजिया परवीन, 18 वर्षीय मेहनाज परवीन, 17 वर्षीय शमीमा परवीन, 16 वर्षीय नजीमा परवीन, पुत्र 15 वर्षीय बरकत अली और 13 वर्षीय शहादत अली शरीर पर तेजाब से जलने के कारण तड़प रहे थे। वह अलग बिस्तर रहने के कारण बच गए। ग्रामीण सभी को छौड़ाही पीएचसी ले गए। वहां चिकित्सक नहीं होने पर गांव के झोलाछाप डॉक्टर से इलाज करवाया। झोलाछाप डॉक्टर ने नुसरत को मृत घोषित कर दिया। इसी बीच सूचना पर पहुंचे पुलिस आउट पोस्ट प्रभारी ओमप्रकाश ने शरीर में हरकत देख नुसरत को बेगूसराय सदर अस्पताल भिजवाया। बाद में नुसरत को निजी अस्पताल के आइसीयू में भर्ती कराया गया।

वर्कलोड से हाकिम परेशां चैन-वैन सब उजड़ा

जागरण विशेष

दीनानाथ साहनी • पटना

सरकार बेशक सरपट दौड़ रही है, लेकिन अफसर हलकान हैं। वे आराम से काम करने के आदी हैं, लिहाजा सरकार के साथ कदमताल नहीं कर पा रहे। ठंड के इस मौसम में दर्जन से ज्यादा आला अफसर सर्दी-जुकाम और वायरल-फीवर से पीड़ित हैं। ऊपर से, वर्कलोड ने हाकिमों की परेशानी बढ़ा दी है। किसी हाकिम का ब्लडप्रेशर बढ़ गया है तो किसी अफसर का शुगर लेवल। कई अफसर बैकपेन से त्रस्त हैं। नतीजा, दफ्तरों में फाइलों का अंबार लगा है।

एक वरिष्ठ अफसर ने बताया कि वर्कलोड बढ़ेगा तो उसका असर सेहत पर पड़ेगा ही। तमाम अफसरों को कमर दर्द, रीढ़ दर्द, ब्लड-प्रेशर, मधुमेह और तनाव आदि ने घेर रखा है। इधर स्वास्थ्य महकमे के एक डिप्टी सेक्रेटरी सर्दी और वायरल-फीवर से परेशां नजर आए। वे सूचना भवन के पास मिल गए। उन्होंने बताया-'पहले से ही ब्लड प्रेशर का शिकार हूं। ऊपर से सर्दी-जुकाम। दफ्तर में आना मजबूरी है। कुछ जरूरी फाइलें भी निपटानी हैं।' दिलचस्प बात यह कि शिक्षा विभाग में तीन डिप्टी डायरेक्टर का ब्लडप्रेशर बढ़ा हुआ है। उनमें से एक ने बताया कि अपने बढ़े शुगर लेवल से हलकान हूं।' एक डिप्टी सेक्रेटरी के चैम्बर में टेबल पर कुछ मेडिसीन टेबलेट थे। पूछने पर बोले-कोर्ट केस ने परेशान कर रखा है। ऐसे में अच्छे-खासे का ब्लडप्रेशर बढ़ जाएगा।

श्रम संसाधन विभाग में मंगलवार को दो पदाधिकारी परेशान दिखे। पूछने पर उनमें से एक मजाकिया लहजे में बोले-'सर्दी से ज्यादा वर्कलोड से हलकान हैं। ब्लडशुगर भी सिर चढ़कर बोल रहा।' इधर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के एक अधिकारी ने स्वीकार किया कि काम के बोझ से पूरी दिनचर्या बदल गई है। रात में उन्हें देर से नींद आती है, हर महीने स्वास्थ्य जांच से गुजरना पड़ता है। राजस्व पर्षद के एक शीर्ष अफसर सर्दी-जुकाम से परेशान हैं। पूछने पर बोले-शीर्ष पदों पर तैनात प्रायः सभी अफसर पचास वर्ष की आयु सीमा पार कर चुके हैं। आमतौर पर इस उम्र से ही बीमारियां शरीर में स्थान बनाने लगती हैं। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के एक अफसर की मानें तो लगातार काम के दबाव, बढ़ते तनाव, खान-पान की अनियमितता तथा समुचित आराम न मिलने के चलते उनके जैसे कई अफसर रुग्ण होते जा रहे हैं। उन्हें 'मेडिकल लीव' पर भी जाने को मजबूर होना पड़ता है।

World Bank Funded
परियोजना कार्यान्वयन इकाई (सड़क और पुल)
उत्तराखण्ड आपदा रिकवरी परियोजना (यू.डी.आर.पी.)
सूचना प्रौद्योगिकी भवन, तृतीय तल, आई.टी. पार्क सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून-248001
दूरभाषः +91-135-2608815, ईमेलः pwd.wb.uk@gmail.com

पत्रांकः 77/निविदा प्रकाशन/2019 **राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक निविदा सूचना** दिनांक 15.01.2019

परियोजना का नामः उत्तराखण्ड आपदा रिकवरी परियोजना Additional Financing (UDRP-AF)
केडिट सं.- Applied

भारत सरकार ने UDRP- Additional Financing के सापेक्ष विश्व बैंक से पोषण प्राप्त करने के प्रयोजन की दिशा में निम्न वर्णित कार्य के लिए आय का हिस्सा लागू करने का इरादा किया है। जिनके लिए राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक निविदायें आमंत्रित की जा रही हैं। निविदाएं दिनांक 21 फरवरी 2019 प्रातः 11.00 बजे तक वेबसाइट https://uktenders.gov.in पर ऑन लाइन जमा की जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://uktenders.gov.in पर दिनांक 21.01.2019 से दिनांक 21.02.2019 तक डाउनलोड किया जा सकता है। विशेष अधिप्राप्ति सूचना (एस.पी.एन.) की विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://uktenders.gov.in पर दिनांक 21.01.2019 से दिनांक 21.02.2019 तक उपलब्ध रहेगी। निविदायें दिनांक 23 फरवरी, 2019 को प्रातः 11.30 बजे खोली जायेंगी।

क्र. सं.	जनपद	पैकेज नं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (₹ लाख में)	धरोहर राशि (₹ लाख में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में)	निविदा प्रपत्र की लागत (रु. में)
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	चम्पावत	UDRP/AF/SL/07	जनपद चम्पावत में श्री पूर्णागिरी मन्दिर क्षेत्र का सुरक्षात्मक कार्य तथा पहुंच मार्ग का निर्माण	877.00	17.54	18	5000/-+ जीएसटी

नोटः 1. उपरोक्त पैकेज से सम्बन्धित शुद्धि पत्र वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर अपलोड किया जायेगा। 2. विश्व बैंक पोषित (मार्ग एवं सेतु) कार्यों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत हेतु इस कार्यालय के दूरभाष संख्या 0135-2608815 पर सम्पर्क किया जा सकता है अथवा वेबसाइट www.ukdisasterrecovery.in पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती हैं।
कार्यक्रम प्रबंधक

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
सार्वजनिक सूचना

भारत सरकार के पथ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिसूचना संख्या का0आ0 4969(E) तारीख 25 सितम्बर 2018 से उपयोगकर्त्ता शुल्क दर की मंजूरी के द्वारा अधिसूचित किया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-102 (नया रा0रा0-722) के छपरा-रेवाघाट-मुजफ्फरपुर खण्ड कि0मी0 25.900 (सोनहो) टॉल प्लाजा और कि0मी0 54.350 (पोखरेरा) टॉल प्लाजा पर विनिर्दिष्ट वाहनों के लिए निम्नानुसार दरों पर उपयोगकर्त्ता शुल्क की वसूली की जाएगी:-

(क) टॉल प्लाजा कि0मी0 25.900 (सोनहो) सड़क की लम्बाई 30.505 कि0मी0 के लिए।

श्रेणी / यान का प्रकार	एकल यात्रा (रू0 में)	वापसी यात्रा एक दिन के भीतर (रू0 में)	मासिक शुल्क मान्य 50 यात्राओं के लिए (रू0 में)	वाणिज्यिक वाहन जिले के भीतर पंजीकृत एकतरफा यात्रा (राष्ट्रीय परमीट के छोड़कर) (रू0 में)
1	2	3	4	5
कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन	30	50	1065	15
हल्कें वाणिज्यिक वाहन, हल्के मालवाहक या मिनी बस	50	75	1720	25
बस / ट्रक (दो धुरी वाले)	110	160	3605	55
तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन	120	175	3935	60
भारी निर्माण मशीनरी (भानिम) या अर्थ मूविंग उपकरण (अ मू ड) अथवा बहुधुरी यान (एमएवी) (चार से छह धुरी तक)	170	255	5655	85
बड़े आकार के यान (सात अथवा अधिक धुरी वाले)	205	310	6885	105

(ख) टॉल प्लाजा कि0मी0 54.350 (पोखरेरा) सड़क की लम्बाई 36.525 कि0मी0 के लिए।

श्रेणी / यान का प्रकार	एकल यात्रा (रू0 में)	वापसी यात्रा एक दिन के भीतर (रू0 में)	मासिक शुल्क मान्य 50 यात्राओं के लिए (रू0 में)	वाणिज्यिक वाहन जिले के भीतर पंजीकृत एकतरफा यात्रा (राष्ट्रीय परमीट के छोड़कर) (रू0 में)
1	2	3	4	5
कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन	25	35	820	10
हल्कें वाणिज्यिक वाहन, हल्के मालवाहक या मिनी बस	40	60	1330	20
बस / ट्रक (दो धुरी वाले)	85	125	2780	40
तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन	90	135	3035	45
भारी निर्माण मशीनरी (भानिम) या अर्थ मूविंग उपकरण (अ मू ड) अथवा बहुधुरी यान (एमएवी) (चार से छह धुरी तक)	130	195	4360	65
बड़े आकार के यान (सात अथवा अधिक धुरी वाले)	160	240	5310	80

1. उपरोक्त दरें राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या – 102 (नया रा0रा0-722) छपरा – रेवाघाट – मुजफ्फरपुर खण्ड के कि0मी0 1.300 (छपरा) से कि0मी0 74.349 (मुजफ्फरपुर) खण्ड के अंतर्गत केवल 67.03 कि0मी0 लम्बाई के लिए लागू है।
2. उपयोगकर्ता शुल्क टोल संग्रह की शुरूआत तारीख 17.01.2019 को सुबह 8:00 बजे से की जाएगी।
3. स्थानीय गैर-वाणिज्यिक वाहन, जो टॉल प्लाजा से 20 कि0मी0 की दूरी में रहता हो, के लिए मासिक पास की दर दो सौ पचपन (255) रूपये वर्ष 2018-19 के लिए लागू होगी जो प्रति वर्ष राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर का अवधारण और संग्रहण) नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुसार संशोधित की जाएगी।
4. कॉलम 5 में दर्शाया गया दर एकल यात्रा के लिए है और वाणिज्यिक वाहन के लिए है (राष्ट्रीय परमिट वाले वाणिज्यिक वाहन को छोड़कर) जो टॉल प्लाजा वाले जिले में निबंधित है।
5. शुल्क की दरें, राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर का अवधारण और संग्रहण) नियम, 2008 के उपबंध एवं भाराराप्रा की स्वीकृति से, संशोधन के अधीन है।
6. यदि कोई वाहन 24 घंटे के भीतर वापसी यात्रा करेगा तो उपभोगकर्ता को उपर दिए गए कॉलम 3 के अनुसार भुगतान करने का विकल्प होगा जो प्रथम यात्रा के समय गेट पार करते समय लागु होगा या यदि वही वाहन पूरे महीने बार-बार आवाजाही करेगा तो वाहन मालिक मासिक पास कॉलम 4 में दर्शाये गये दर के अनुसार बनवा सकते है जो एक महीने के भीतर 50 एकल यात्रा के लिए मान्य होगा।

स्पष्टीकरणः- इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए 'एक दिन' चौबीस घंटे की एक सतत अवधि के रूप में गिना जायेगा।

परियोजना निदेशक
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
परियोजना कार्यान्वयन इकाई-छपरा

कोल इण्डिया Coal India **MCL**
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768020, जिला - सम्बलपुर, ओड़िशा
फोन्-(EPABX): 0663-2542461 to 469, वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

ई-निविदा सूचना

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की निम्नलिखित ई-निविदाएँ, कोल इंडिया लिमिटेड की ई-निविदा पोर्टल (**https://coalindiatenders.nic.in**) में प्रकाशित है जिन्हें केन्द्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (**https://eprocure.gov.in**) पर भी देखा जा सकता है। परवर्ती विस्तृत विवरण के लिए कृपया इन वेबसाइट्स को देखें।

क्र. सं.	निविदा आईडी	कार्य/सेवा का नाम	निविदा मूल्य ₹
1	2019_MCL_125872_1	Construction of two nos 100 Te capacity static weighbridge ramp and cabin at Bharatpur OCP.	3763492.00
2	2019_MCL_125983_1	Main Drain Cleaning and Minor Repair from Nandira Chhak to Tarini Mandir in front of Bharatpur Project.	405719.00
3	2019_MCL_126104_1	Cleaning of sludge from HEMM Washing plant,platform,Washing platform inside drain and Dozer Washing plant of JMB Workshop of Bharatpur Project for a period of two years.	850651.00
4	2019_MCL_126210_1	Cleaning of all toilets of Jambubahali workshop of Bharatpur project for a period of two years(Re Tender).	657780.00
5	2019_MCL_126269_1	SUPPLY OF OFFICE STATIONERY	486654.00
6	2019_MCL_126285_1	SUPPLY,INSTALLTION, TESTING AND COMMISSIONING OF MICROPROCESSOR BASE AUTOMATIC FIRE DETECTION AND PROTECTION SYSTEM	2082523.00
7	2019_MCL_126335_1	SUPPLY OF AC SPARES FOR HEMM	2899208.00
8	2019_MCL_126447_1	Construction of two class rooms at Baghuabol school, Talcher under CSR work, Lingaraj Area.	1155134.00
9	2019_MCL_126339_1	Fire Safety System	2960000.00
10	2019_MCL_126528_1	Supply of single headed battery operated portable lighting system	413000.00
11	2019_MCL_126502_1	Supply of Spindle with checknut for WTP and pumps of IWSS Lingaraj Area	111000.00
12	2019_MCL_126535_1	Supply of Bearings, sleeves, checknuts and blocks for WTP IWSS and Lingaraj OCP	1166860.00
13	2019_MCL_126507_1	PROCUREMENT OF VARIOUS TYPE OF BEARING FOR RLS	916277.00
14	2019_MCL_126524_1	PROCUREMENT OF CRUSHER ROLL FOR DIRECT DRIVE ARRANGEMENT	2260019.00
15	2019_MCL_126561_1	PROCUREMENT OF VARIOUS BEARINGS	1066365.00
16	2019_MCL_126418_1	Dismantling of 4 Nos. old SF6 Circuit Breaker and Erection of 4 Nos. New SF6 Circuit breaker at 132/33 kV Sub-station, Nandira, Jagannath Area	588245.00
17	2019_MCL_126429_1	AMC for dismantling, fabrication and erection works in day to day maintenance of circuit 1, 2, 3, 4 and 5 for feeder crusher of Jagannath OCP of Jagannath Area for a period of one year	2331922.00
18	2019_MCL_126582_1	Supply of float cum boost Battery Charger at Lingaraj OCP	335120.00
19	2019_MCL_126362_1	Drilling of 25 Nos. 300 mm dia boreholes including supplying and lowering of 200mm dia(ERW Black pipes)for stabilisation of water logged workings below and near the area of Right Main Canal in R-1, (R1(B) and TT-1) panels of Deulbera Colliery.	4959167.00
20	2019_MCL_126520_1	Collection and preparation of samples from the left out rakes of 3rd party sampling,siding stock of LOCM I and II sidings,tippers,pit head stock and coal face of SOCP for a period of 3 years(1095 days).	3711015.00
21	2019_MCL_126510_1	Maintenance of overhead line in the 33/3.3KV switchyard at Lilari OCP substation, Lilari OCP, MCL	199548.00
22	2019_MCL_126564_1	Procurement of 27mm Drill Bit for Nandira Colliery MCL Talcher Area	318600.00
23	2019_MCL_126493_1	SUPPLY OF WATER COOLER CUM-PURIFIER	420000.00
24	2019_MCL_126513_1	Construction of a shed for keeping HEMM spares in regional stores for Garjanbahal OCP of Basundhara Area	3908087.00
25	2019_MCL_126516_1	Cummins Diesel Engine Model QSX15-C, 440 HP at 1800 rpm, applicable for BEML BE1600 Hydraulic Excavator	10599917.00
26	2019_MCL_126361_1	Preparatory jobs for carrying out belt joints and replacement works for steel cord belt and rubber belt at RLS, BOCP for a period of 1 year.	741070.00
27	2019_MCL_126529_1	AMC of 33 KV OH line Feeder no-01 and 02 from NG SS to JB and NQ SS and Erection and Dismantling of 6.6 KV OH line and tapping lines in different feeders for Dragline, Excavators and Drills for a period of 01 year at Bharatpur OCP of Bharatpur Area.	1902537.00
28	2019_MCL_126588_1	Reconditioning of damaged blow down pipe line, damaged wall of boiler by using fire bricks by providing additional steel structural beam supports and heat resistance coating in both steam drum,exhaust pipe etc of boiler-42 and 117 of Talcher Colliery	547665.00
29	2019_MCL_126777_1	AMC for day to day Electrical Repairing and maintenance works of Colony power supply including residential and non-residential buildings, maintenance of Street Lights ,Sub-stations of Ananta Vihar Colony of AOCP, Jagannath Area for period of 2 years	2870251.00
30	2019_MCL_126806_1	Providing GOAB and Drop out fuse arrangement to different locations of existing 11kV overhead line from Balanda Substation to Ananta Vihar Colony Sub-station of Ananta OCP of Jagannath Area	511290.00
31	2019_MCL_126874_1	Procurement of Digital Lux meter (Digital) for Orient Area.	31490.00
32	2019_MCL_126939_1	Supply of spares for 3.3 KV HT Starter Make-SAIT Mine Line (Exclusively for OEM)	489929.00
33	2019_MCL_126943_1	PROCUREMENT OF BLEACHING POWDER	111250.00
34	2019_MCL_126784_1	Erection of second 33KV HT Overhead line from existing 220/33KV control sub-station to 33/6.6KV and 6.6KV/400V sub-station at Garjanbahal project, Basundhara Area	3100224.00
35	2019_MCL_126904_1	Annual contract work for MS pipeline work for one year at B(W)OCP, Basundhara Area	1271204.00
36	2019_MCL_126970_1	Repairing of Portable Boundary Wall around the railway siding at Kaniha OCP Kaniha Area MCL	217984.00
37	2019_MCL_126865_1	Repair and maintenance work at Regional Store Bharatpur Area.	679779.00
38	2019_MCL_126998_1	Repair/Maintenance and Modification of existing view point at Garjanbahal OCP under Basundhara Area(1st retender)	601508.00
39	2018_MCL_125606_1	Supply of Special Biochemistry reagents kit for Dept.of pathology NSCH,Talcher.	285296.00
40	2019_MCL_126890_1	PROCUREMENT OF SPARES FOR 210M/BH-50M-1 DUMPER	1263746.00
41	2019_MCL_126906_1	PROCUREMENT OF HOSES FOR BD-355 DOZER	1024681.00
42	2019_MCL_126901_1	Hiring of 01 No. Bolero/Sumo or equivalent covered vehicle 7 seater with AC fitted (Diesel) with 24 hrs duty, maximum 5000 km run per month for 706 days in 02 years for Shift Duty at Bharatpur OCP of Bharatpur Area, MCL.	1335752.00
43	2019_MCL_126916_1	Hiring of 01 No. Bolero/Sumo or equivalent covered vehicle 7 seater with AC fitted (Diesel) with 12 hrs duty, maximum 3500 km run per month for 706 days in 02 years for MM Department at Bharatpur Area, MCL.	890266.00
44	2019_MCL_126923_1	Hiring of 01 no. Mini-Truck having minimum carrying capacity 4 Te for 24 hours duty, maximum 4000 Km run per month, for a period of 682 days in 02 years for CHP of Bharatpur OCP.	1228964.00
45	2019_MCL_126971_1	Supply of different items of HYTORC Hydraulic Torque wrench being used in Maintenance Repairing of PnH Shovel .	373350.00
46	2019_MCL_126973_1	Supply of FURNITURE FOR DAV PUBLIC SCHOOL	696000.00
47	2019_MCL_126977_1	Supply of Raincoats for employees of both projects for Mine Works.	603900.00
48	2019_MCL_126980_1	Supply of Bearing for PnH Shovel	1270751.00
49	2019_MCL_126930_1	Renovation of back side main drains and branch drain and providing pavers block in between drain and rear security wall at Hill top colony of Samaleswari OCP IB Valley Area (2nd Call).	16523641.00
50	2019_MCL_127135_1	Hiring of One (1) Jeep (Bolero/ Sumo or its equivalent) with AC fitted for 12 hrs per day duty for two years at B(W)OCP, Basundhara Area (682 days). (2800km per month run).	685410.00
51	2019_MCL_127061_1	Day to day electrical maintenance works at Adarshnagar Colony of LOCP for 2 years (610 days), IB Valley Area.(Providing 1 no skilled and 1 no unskilled labour for 2 shifts daily)	1207800.00
52	2019_MCL_127139_1	Comprehensive Annual Maintenance Contract for 80 nos of different types of Air Conditioner at Central Hospital, IB Valley Area for a period of one year (305 Days).	481200.00
53	2019_MCL_126761_1	Procurement of ground mounted high mast Lighting Towers along with installation and commissioning for different areas of MCL	40189183.00

एमसीएल ई-प्रापण सहायता केन्द्र (फोनः **0663-2542695/2542264**, ई-मेल: **hlp-eproc.mcl@coalindia.in**) **R-4879**

हमारे ऐप्स प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800 200 3004 पर मिस्ड कॉल दें